राजस्थान सरकार

**निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर**

**क्रमांकः– एफ.2 (क)(1)/(एस–515) अलेसे–I/** 605 **दिनांकः–** 26.11.19

## कार्यालय आदेश

श्री शंकर दास सिंधी, सहायक लेखाधिकारी, ग्रेड–I (लिंक नं. 5549) का स्थानान्तरण विभागीय आदेश संख्या 130/2018–19 दिनांक 03.03.2019 द्वारा कार्यालय कोषालय, ब्यावर (अजमेर) से कार्यालय राजस्व मण्डल, अजमेर (आ.जा.दल) में किया गया था। तत्पश्चात् विभागीय शुद्धि पत्र क्रमांक 151 दिनांक 04.06.2019 द्वारा श्री सिंधी का पदस्थापन कार्यालय राजस्व मण्डल, अजमेर (आ.जा.दल) के स्थान पर अतिरिक्त निदेशक, पेंशन एवं पेंशनर्स वेलफेयर विभाग, अजमेर में किया गया, जिसकी अनुपालना में श्री सिंधी ने दिनांक 10.06.2019 को अतिरिक्त निदेशक, पेंशन एवं पेंशनर्स वेलफेयर विभाग, अजमेर में अपनी उपस्थिति प्रस्तुत की, लेकिन वहाँ सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I का पद रिक्त नहीं होने के कारण श्री सिंधी को निदेशालय, कोष एवं लेखा, राजस्थान, जयपुर में उपस्थिति देने हेतु निर्देशित किया गया, जिसकी पालना में दिनांक 11.06.2019 को निदेशालय में आदेशों की प्रतीक्षा में अपनी उपस्थिति प्रस्तुत की। तत्पश्चात् विभागीय आदेश क्रमांक 420 दिनांक 19.06.2019 द्वारा श्री सिंधी का पदस्थापन प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, रायपुर जिला पाली में किया गया, जिसकी पालना में इन्होंने दिनांक 20.06.2019 को मध्याह्न पूर्व कार्यग्रहण किया। माह मार्च, 2019 से मई, 2019 की अवधि में आचार संहिता प्रभावी होने और उक्त कार्यालय (कोषालय, ब्यावर, अजमेर) में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के पद पर दो कार्मिकों के पदस्थापन होने के कारण श्री सिंधी का वेतन आहरित नहीं किया जा सका है।

अतः श्री शंकर दास सिंधी, सहायक लेखाधिकारी, ग्रेड–I के दिनांक 01.03.2019 से 19.06.2019 (दिनांक 11.06.2019 से 19.06.2019 तक आदेशों की प्रतीक्षा अवधि सहित) तक का वेतन वर्तमान पदस्थापन कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, रायपुर जिला पाली में इस अवधि में रिक्त रहे सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के पद के विरूद्ध आहरित करने की स्वीकृति एतद् द्वारा प्रदान की जाती है।

**(सुरेश कुमार असवाल)**
**निदेशक**

**क्रमांकः– एफ.2 (क)(1)/(एस–515) अलेसे–I/** 605 **दिनांकः–** 26.11.19

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, रायपुर जिला पाली को प्रेषित कर अनुरोध है कि श्री शंकर दास सिंधी, स.ले.अ. ग्रेड–I के उक्त अवधि के वेतन आहरण की व्यवस्था करावें।
2. कोषाधिकारी, पाली।
3. श्री शंकर दास सिंधी, सहायक लेखाधिकारी, ग्रेड–I, कार्यालय–प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, रायपुर जिला पाली।
4. अतिरिक्त निजी सचिव, निदेशक महोदय।
5. रक्षित निजी पत्रावली।

**(अरविन्द दीवान)**
**अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)**